# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

E.mail Id- dharsiwacollege1989@gmail.com Web site- www.gpssc.in

क्र./ 670/ स्ववित्तीय /2025 दिनांक 02/07/2025

**(स्ववित्तीय योजना के तहत् शिक्षण कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण)**

शैक्षणिक सत्र 2025–26 स्ववितीय योजना के अंतर्गत संचालित पी.जी.डी.सी.ए., भौतिक, वनस्पति, एम.कॉम., पाठ्यक्रम में अध्यापन हेतु स्ववित्तीय व्याख्याता एवं प्रयोगशाला सहायक हेतु आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा एवं समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र दिनांक 12.07.2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय में व्यकिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक से भेजकर जमा कर सकते है। दिनांक 12.07.2025 के पश्चात एवं ई–मेल पर प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**रिक्त पद का विवरण**

| क्र | रिक्त पद | पदों की संख्या | न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1) | स्ववित्तीय व्याख्याता ( भौतिक शास्त्र ) | 01 | उक्त विषय में स्नातकोत्तर |
| 2) | स्ववित्तीय व्याख्याता ( वनस्पति शास्त्र ) | 01 | उक्त विषय में स्नातकोत्तर |
| 3) | स्ववित्तीय व्याख्याता ( पीजीडीसीए ) | 01 | M.Sc. (IT), M.Sc(CS), MCA |
| 4) | शिक्षण सहायक ( वाणिज्य ) | 01 | उक्त विषय में स्नातकोत्तर |
| 5) | प्रयोगशाला सहायक ( पीजीडीसीए ) | 01 | B.Sc. (IT), B.Sc(CS), BCA , PGDCA |
| 6) | प्रयोगशाला सहायक ( भौतिक शास्त्र ) | 01 | उक्त विषय में स्नातक |
| 7) | प्रयोगशाला सहायक (वनस्पति शास्त्र ) | 01 | उक्त विषय में स्नातक |

**टीप–यह व्यवस्था निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।**

1) उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक अर्हता यू.जी.सी. छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा, रायपुर द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप होगी।
2) यह व्यवस्था 15.05.2026 तक के लिये होगी। शासन के निर्देशानुसार यह व्यवस्था बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।
3) चयनित उम्मीदवार को स्ववित्तीय व्यवस्था के बजट में उपलब्ध राशि के तहत मानदेय देय होगा। अनुपस्थित अवधि का वेतन नियमानुसार काटा जावेगा।
4) यह नियुक्ति नहीं अपितु अध्यापन व्यवस्था है अतः कार्यरत शिक्षकों की सेवाएँ भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं बनेगी और न ही अधिमानित बर्ताव के हकदार होंगे।
5) चयनित उम्मीदवार के विरुद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा उम्मीदवार शासकीय/अर्धशासकीय सेवक न हो। इस आशय का शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय संबंधित को प्रस्तुत करना होगा।
6) यह सेवा पूर्णतः अस्थायी एवं अंशकालीन है। कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर आपकी सेवा बिना पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा समाप्त की जा सकेंगी।
7) प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा सौंपे गये महाविद्यालय के अन्य कार्य भी पूर्ण करने होंगे।
8) किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय सर्वमान्य होगा।

2/07/25

डॉ. (श्रीमती) पुष्पा कौशिक
प्राचार्य
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल
महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner